भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3321
(दिनांक 21.08.2025 को उत्तर के लिए)

लैटरल एंट्री के माध्यम से अधिकारियों की भर्ती

3321. श्री रामजी लाल सुमन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पाँच वर्षों में लैटरल एंट्री के माध्यम से केंद्र सरकार में अधिकारियों की भर्ती का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इस भर्ती में आरक्षण पद्धति का पालन किया गया है;
(ग) उन मंत्रालयों के नाम क्या हैं जहाँ लैटरल एंट्री के माध्यम से नियुक्त अधिकारी कार्यरत हैं और वे किन-किन पदों पर हैं; और
(घ) सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों से लैटरल एंट्री के माध्यम से नियुक्त अधिकारियों का तैनाती-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ): वर्ष 2018 से, तीन चक्रों (2018, 2021 और 2023) में पार्श्विक प्रविष्टि (लैटरल एंट्री) के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में अनुबंध/प्रतिनियुक्ति के आधार पर संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव स्तर पर अब तक 63 नियुक्तियां की गई हैं। ये नियुक्तियां, प्रक्षेत्र (डोमेन) में उनके विशिष्ट ज्ञान और सुविज्ञता को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट कार्यों के लिए की गई हैं। चूंकि, इनमें से प्रत्येक नियुक्ति एकल पद संवर्ग के तहत की गई है, इसलिए *'पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ बनाम संकाय संघ एवं अन्य'* नामक मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए आरक्षण लागू नहीं है और तदनुसार नियुक्त अधिकारियों का श्रेणीवार आंकड़ा नहीं रखा गया है। वर्तमान में, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में 43 अधिकारी पदासीन हैं। जिन मंत्रालयों/विभागों में ये अधिकारी नियुक्त किए गए थे/किए गए हैं/कार्यरत हैं, उनका ब्यौरा संलग्नक में दिया गया है।

*****

संलग्नक

2018 में पार्श्विक प्रविष्टि (लैटरल एंट्री) की शुरूआत से तीन चक्रों में इसके माध्यम से नियुक्त किए गए 63 अभ्यर्थियों की सूची:

2018 चक्र:

क्रम सं.	**पद**	**मंत्रालय/विभाग**
1	संयुक्त सचिव	वाणिज्य
2	संयुक्त सचिव	नागरिक उड्डयन
3	संयुक्त सचिव	आर्थिक कार्य
4	संयुक्त सचिव	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन
5	संयुक्त सचिव	वित्तीय सेवाएं
6	संयुक्त सचिव	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा
7	संयुक्त सचिव	सड़क परिवहन और राजमार्ग
8	संयुक्त सचिव	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग

2021 चक्र:

क्रम सं.	**पद**	**मंत्रालय/विभाग**
1	संयुक्त सचिव (टीपीआरयू)	राजस्व
2	संयुक्त सचिव (आरएफएस)	कृषि एवं किसान कल्याण
3	संयुक्त सचिव	वाणिज्य
4	निदेशक (शिक्षा उद्यमिता में नवाचार)	कौशल विकास और उद्यमिता
5	निदेशक (मातृ स्वास्थ्य संबंधी मामले)	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
6	निदेशक (जल प्रबंधन)	जल शक्ति
7	निदेशक (एडुटेक)	उच्चतर शिक्षा
8	निदेशक (लॉजिस्टिक्स)	उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार
9	निदेशक (आईसीटी)	स्कूल शिक्षा और साक्षरता
10	निदेशक (डिजिटल अर्थव्यवस्था और फिनटेक)	आर्थिक कार्य
11	निदेशक (वित्तीय क्षेत्र में साइबर सुरक्षा)	आर्थिक कार्य
12	निदेशक (वेयरहाउस विशेषज्ञता)	खाद्य और सार्वजनिक वितरण
13	निदेशक (साइबर कानून)	विधि कार्य
14	निदेशक (बीमा)	वित्तीय सेवाएं
15	निदेशक (कृषि विपणन)	कृषि और परिवार कल्याण
16	निदेशक (विवाचन और सुलह)	विधि कार्य
17	निदेशक (वित्तीय बाजार)	आर्थिक कार्य
18	निदेशक (निर्यात विपणन)	वाणिज्य
19	निदेशक (बैंकिंग)	वित्तीय सेवाएं

20	निदेशक (राजमार्ग विकास के लिए नई प्रौद्योगिकी)	सड़क परिवहन और राजमार्ग
21	निदेशक (मीडिया प्रबंधन)	स्कूल शिक्षा और साक्षरता
22	उप सचिव (सागरमाला और पीपीपी)	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग
23	उप सचिव (विद्युत वितरण)	ऊर्जा
24	उप सचिव (सूचना प्रौद्योगिकी)	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन
25	उप सचिव (विनिर्माण क्षेत्र)	भारी उद्योग
26	उप सचिव (आईबीसी)	कॉर्पोरेट कार्य
27	उप सचिव	इस्पात
28	उप सचिव (खनन विधान एवं नीति)	खान
29	उप सचिव (पर्यावरण नीति)	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन
30	उप सचिव (मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता मिशन)	स्कूल शिक्षा और साक्षरता

2023 चक्र:

क्रम सं.	**पद**	**मंत्रालय/विभाग**
1	संयुक्त सचिव (नागरिक उड्डयन)	नागर विमानन मंत्रालय
2	संयुक्त सचिव (मध्यस्थता और सुलह)	विधि कार्य विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय
3	संयुक्त सचिव (बैंकिंग, बीमा और पेंशन)	वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय
4	निदेशक (लॉजिस्टिक्स)	खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
5	निदेशक (आईपीआर/कॉपीराइट)	उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
6	निदेशक (भंडारण प्रौद्योगिकी)	विद्युत मंत्रालय
7	निदेशक (फसल)	कृषि और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
8	निदेशक (ऊर्जा बाजार)	विद्युत मंत्रालय
9	निदेशक (डेटाबेस डिजाइन)	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
10	निदेशक (शहरी नियोजन)	आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
11	निदेशक (आईसीटी एडु)	स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
12	निदेशक (किशोर स्वास्थ्य)	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
13	निदेशक (ग्रामीण आजीविका)	ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय

14	निदेशक (केमिकल इंजीनियरिंग)	रसायन और पेट्रोरसायन विभाग
15	निदेशक (डिजिटल अर्थव्यवस्था और फिन टेक)	वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय
16	निदेशक (अनुप्रयोग विकास)	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
17	निदेशक (फार्मा और मेडिकल डिवाइस)	औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय
18	निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी)	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
19	उप सचिव (नीति, संवर्धन और आउटरीच)	उच्चतर शिक्षा विभाग
20	उप सचिव (शहरी स्वास्थ्य)	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
21	उप सचिव (फ्रंटएंड वेब डिजाइन)	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
22	उप सचिव (एआई/एमएल)	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
23	उप सचिव (लाइनक्स आधारित सर्वर प्रबंधक)	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
24	उप सचिव (विनिर्माण - पूंजीगत सामान)	भारी उद्योग मंत्रालय
25	उप सचिव (विनिर्माण - एचईआई)	भारी उद्योग मंत्रालय

*****